# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, मंगलवार 2 सितंबर 2025


तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री


09 शिक्षक संघ ने शिक्षा मंत्री को सौंपा ज्ञापन





10 छुरा के ओमप्रकाश सेन का लाल किले में सम्मान







प्रवेश हेतु अंतिम अवसर
सत्र - 2025-26
B.Ed. काउंसलिंग से प्रवेश
B.Ed | BCA | PGDCA | DCA | B.P.Ed. | B.P.E.S | B.COM | B.Sc [CS/IT]
PG Diploma in yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त
(पं.र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर
प्राचार्य - 9926162830

आवश्यकता है
कपड़े एवं रेडीमेड दुकान में काम करने के लिये
•सेल्समेन-सेल्सगर्ल
•कम्प्यूटर कार्य के लिये लड़के/लड़कियां
•लेडिस स्टॉफ
आकर्षक वेतन दिया जाएगा
काका होजियरी
गंज रोड, नवापारा (राजिम)
फोन : 9893744470

B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड 114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि - 04/09/25
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
7000786116, 9300850065


## खबर संक्षेप

### जश्ने ईद मिलाद उन नबी की तैयारियां जोरों पर

**मैनपुर।** पैगंबर मुहम्मद साहब के जन्मदिन के रूप में मनाया जाने वाला जश्ने ईद मिलाद उन नबी पर्व इस साल 1500वीं बार मनाया जा रहा है, जिसकी तैयारियां गरियाबंद जिले के मैनपुर और देवभोग में जोर-शोर से चल रही हैं। यह पर्व इस्लामिक कैलेंडर के रबी-उल-अव्वल माह की 12वीं तारीख को मनाया जाता है। इस अवसर पर मस्जिदों को विशेष रूप से सजाया गया है। मेनपुर में रजा मस्जिद की सजावट खासतौर पर आकर्षक है। 1 सितंबर कलमा शरीफ और सूरजात का मुकाबला। 2 और 3 सितंबर को नात शरीफ का आयोजन। 4 सितंबर तकरीर (प्रवचन) का कार्यक्रम। 5 सितंबर जश्ने ईद मिलाद उन नबी के मुबारक मौके पर मस्जिद और मदरसे में परचम कुशाई (झंडा फहराना) के बाद मैनपुर नगर में भव्य जुलूस निकाला जाएगा। इस दिन घरों और मस्जिदों को सजाकर, जुलूस निकालकर और गरीबों में दान बांटकर खुशी मनाई जाएगी।



### पेंशनर समाज की बैठक 4 को

**नवापारा-राजिम।** छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज की मासिक बैठक 4 सितंबर को पेंशनर भवन नवापारा में 11 बजे आयोजित है। बैठक के दौरान इस माह में जन्मदिन वाले सदस्यों का बर्थडे मनाया जायेगा। नये सदस्यों का सम्मान भी किया जाएगा। दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। यह जानकारी कोषाध्यक्ष पवन कुमार यदु ने दी।

### ससुर ने बहू से की मारपीट

**महासमुंद।** बहू से मारपीट करने वाले ससुर के खिलाफ बसना थाने में मामला दर्ज किया गया है। घटना ग्राम छोटेपटनी की है। पुलिस को रितु निषाद ग्राम छोटेपटनी ने बताया कि 31 अगस्त को करीब 12 बजे घरेलू बात को लेकर उसका ससुर देवराम निषाद गाली गलौज और मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा, जिस पर वह किसी तरह अपने बेटे को लेकर घर से बाहर निकल भागी। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# अस्पताल से शव ले जाने के लिए नहीं मिली एंबुलेंस, खटिया पर ले गए परिजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जहां एक ओर प्रशासन चंद्रमा पर पहुंचने के दावे कर रही है, वहीं दूसरी ओर मैनपुर में एक गरीब परिवार को अपनी मां का शव अस्पताल से गांव तक खटिया पर लेकर पैदल चलना पड़ा। यह घटना स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी हकीकत और गरीबों के प्रति सरकारी तंत्र की असंवेदनशीलता को उजागर करती है। यह दुखद घटना मैनपुर विकासखंड के नयापारा गांव की है।

60 वर्षीय इच्छाबाई पटेल का निधन अमलीपदर के सरकारी अस्पताल में इलाज के दौरान हो गया। परिजनों ने शव को घर ले जाने के लिए अस्पताल प्रशासन और 108 एंबुलेंस से कई बार गुहार लगाई, लेकिन उन्हें यह कहकर मना कर दिया गया कि ऐसा करने से उनकी नौकरी खतरे में पड़ जाएगी।

## गरीबी और सिस्टम की लापरवाही, एंबुलेंस ने किया इंकार



### निजी वाहनों ने मांगी कीमत

जब सरकारी मदद नहीं मिली, तो परिवार ने कई निजी वाहनों से संपर्क किया। कुछ वाहन चालकों ने मदद की बात तो की, लेकिन उन्होंने इसके लिए 4 से 5 हजार रुपये की भारी-भरकम राशि मांगी। गरीब परिवार के पास इतनी रकम नहीं थी, जिसके बाद वे अपनी मां के शव को एक खटिया पर रखकर अमलीपदर बाजार से होते हुए पैदल ही अपने गांव की ओर निकल पड़े।



### स्वास्थ्य सेवाओं पर गंभीर सवाल

यह घटना कोई नई नहीं है। इससे पहले भी शवों को ट्रैक्टर या जीप में ले जाने जैसी खबरें आती रही हैं। यह घटना एक बार फिर यह सवाल खड़ा करती है कि जब सरकार विकास के बड़े-बड़े दावे कर रही है, तो आम आदमी के लिए सबसे बुनियादी सुविधाएं भी क्यों उपलब्ध नहीं हैं। इस घटना ने न्यू इंडिया के दावों पर सवालिया निशान लगा दिया है, जहां एक गरीब व्यक्ति को मौत के बाद भी सम्मान नहीं मिल पाता।

## मांग : जिले के 450 संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर जताया विरोध

# एनएचएम कर्मचारियों का आंदोलन जारी, नोटिस जलाकर जताया विरोध





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ के बैनर तले पिछले 15 दिनों से चल रहे आंदोलन में आज जिले के करीब 450 संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर विरोध जताया।

उन्होंने अपनी नौकरी को लेकर मिली नोटिस की प्रति जलाकर प्रदर्शन किया। इस दौरान जिला अध्यक्ष अमृत राव भोंसले, प्रांतीय प्रतिनिधि भूपेश साहू और भूपेंद्र सिन्हा और सभी ब्लॉक अध्यक्ष धीरज शर्मा, गौरव यादव, पुष्पा कुर्रे, सौरभ पांडे, गोविंद यादव सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

कर्मचारियों ने शपथ ली कि वे सरकार की दमनकारी नीति के आगे नहीं झुकेंगे और अपनी मांगों के लिए "आर-पार की लड़ाई" जारी रखेंगे।

**विधायक ध्रुव का समर्थन-** आंदोलन स्थल पर बिंद्रा नवागढ़ विधानसभा के विधायक जनक राम ध्रुव भी पहुंचे और कर्मचारियों के आंदोलन को जायज ठहराते हुए अपना समर्थन दिया। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे कर्मचारियों की मांगों को विधानसभा और शासन-प्रशासन तक मजबूती से पहुंचाएंगे।

**वेतन वृद्धि का लंबित लाभ-** कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार इन मांगों को पूरा करने की जिम्मेदारी केंद्र सरकार पर टाल रही है, जबकि स्वास्थ्यकर्मियों से जुड़े फैसले लेना पूरी तरह से राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में आता है।

### कर्मचारियों की मुख्य मांगें

आंदोलनकारी कर्मचारियों ने स्वास्थ्य मंत्री के उस बयान का खंडन किया, जिसमें 10 में से 5 मांगों को पूरा करने का दावा किया गया था। कर्मचारियों का कहना है कि केवल दो मांगों पर आंशिक रूप से आदेश जारी हुए हैं, जबकि बाकी सभी मांगें अभी भी लंबित हैं। उनकी मुख्य मांगें इस प्रकार हैः-
नियमितीकरण और स्थायीकरण, पब्लिक हेल्थ कैडर का गठन, ग्रेड पे में वृद्धि, अनुकंपा नियुक्ति का प्रावधान

# शिक्षकों की पदोन्नति में देरी, किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश सह सचिव विनोद सिन्हा के अनुसार, रायपुर संभाग के सैकड़ों शिक्षकों ने तीन साल से लंबित पदोन्नति के विरोध में संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग रायपुर के कार्यालय का घेराव किया। प्रदर्शनकारी शिक्षकों ने अपनी मांगों को लेकर जमकर नारेबाजी की। घेराव के बाद, एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल को चर्चा के लिए बुलाया गया। प्रतिनिधिमंडल की प्रमुख मांगें

शिक्षक एलबी संवर्ग (ई और टी) की पदोन्नति को जल्द पूरा करना। सहायक शिक्षकों की पदोन्नति शिक्षक के पद पर करना। पदोन्नति प्रक्रिया में ओपन काउंसलिंग को शामिल करना। रायपुर संभाग के शिक्षकों को तीन साल की पेपर सीनियॉरिटी देना। संयुक्त संचालक संजीव श्रीवास्तव ने इन मांगों पर ध्यान देते हुए आश्वासन दिया कि एक सप्ताह के भीतर ई संवर्ग की पदोन्नति का टाइम टेबल जारी कर दिया जाएगा और बाकी सभी मांगें भी जल्द ही पूरी की जाएंगी।



**मांगें पूरी नहीं होने पर करेंगे उग्र आंदोलन-** एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं, तो वे आगे की रणनीति बनाकर उग्र आंदोलन और धरना प्रदर्शन करेंगे। घेराव कार्यक्रम में प्रदेश कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र पारीक, सविता छाटा, शोभा सिंह देव, योगेश ठाकुर, जितेंद्र मिश्रा, अंजुम शेख, विनोद सिन्हा सहित लगभग पांच सौ शिक्षक उपस्थित थे।

# कृषि महाविद्यालय में एंटी रैगिंग सप्ताह का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के तहत संचालित कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, गरियाबंद में 1 सितंबर 2025 को 'एंटी रैगिंग सप्ताह' का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य छात्रों के बीच रैगिंग के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और उन्हें इसके खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रोत्साहित करना था। यह कार्यक्रम अधिष्ठाता डॉ. गिरिजेश कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। इस दौरान छात्रों के लिए निबंध लेखन और पोस्टर निर्माण प्रतियोगिताएं रखी गईं। छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी रचनाओं के माध्यम से रैगिंग के खिलाफ अपने विचार व्यक्त किए। महाविद्यालय में रैगिंग की घटनाओं को रोकने के लिए एक 'रैगिंग विरोधी समिति' और एक 'रैगिंग विरोधी दल' का भी गठन किया गया है। रैगिंग विरोधी समिति की अध्यक्षता डॉ. गिरिजेश कुमार शर्मा कर रहे हैं। यह समिति रैगिंग की घटनाओं पर उचित दंड देने का निर्णय लेगी। रैगिंग विरोधी दल की अध्यक्षता सहायक प्राध्यापक डॉ. ओमेश ठाकुर कर रहे हैं। यह दल घटनाओं की गंभीरता के आधार पर दंड की सिफारिश करेगा। इस अभियान के आयोजन में सहायक प्राध्यापक डॉ. सौरभ पद्मशाली, सत्येंद्र पाटले और डॉ. कुंतल साटकर का विशेष योगदान रहा। इस पहल से छात्रों में जागरूकता बढ़ी है और उन्हें एक सुरक्षित और सम्मानजनक शैक्षिक वातावरण बनाने में मदद मिलेगी।



# अमर्यादित बयान पर भाजपा ने राहुल का फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

बिहार के दरभंगा में एक कांग्रेस मंच पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी माता के खिलाफ की गई अभद्र टिप्पणी और गाली-गलौज के विरोध में गरियाबंद में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शुक्रवार को जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय के तिरंगा चौक पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला जलाकर अपना आक्रोश व्यक्त किया। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने कहा कि कांग्रेस बार-बार प्रधानमंत्री का अपमान कर रही है, लेकिन इस बार उनकी माता को गाली देना कांग्रेस की राजनीति के गिरते स्तर का सबसे शर्मनाक उदाहरण है। उन्होंने चेतावनी दी कि देश अब ऐसी ओछी हरकतें बर्दाश्त नहीं करेगा। चंद्राकर ने राहुल गांधी से प्रधानमंत्री और पूरे देशवासियों से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की। भाजपा जिला महामंत्री आशीष शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सिर्फ भाजपा के नेता नहीं, बल्कि देश के 140 करोड़ नागरिकों के प्रतिनिधि हैं। उनका और उनकी माता का अपमान पूरे देश की गरिमा पर आघात है। उन्होंने इसे भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा पर हमला बताया और कहा कि कांग्रेस को इस पर माफी मांगनी ही होगी, वरना जनता लोकतांत्रिक तरीके से करारा जवाब देगी। विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते हुए सुरेंद्र सोनटेके ने कहा कि इस तरह की भाषा से न तो प्रधानमंत्री की छवि खराब होगी और न ही जनता का विश्वास डगमगाएगा, बल्कि यह कांग्रेस की हताशा को दर्शाता है। प्रदर्शन का संचालन योगी माखन कश्यप ने किया। इस दौरान गुरुनारायण तिवारी, राधेश्याम सोनवानी, रिखीराम यादव, घनश्याम सिन्हा, मिलेश्वरी साहू, जीवन एस साहू, आशीष मेमन, दीपक साहू और प्रतीक तिवारी सहित भाजपा, युवा मोर्चा और महिला मोर्चा के कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।




## मदद के बदले गवाया कान और ट्रैक्टर, मुआवजा आज तक अधूरा

# मदद करनी पड़ी महंगी, ट्रैक्टर चालक ने रोका राशन लदा ट्रक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर के घुमरापदर में एक ट्रैक्टर चालक को पीडीएस ट्रक कीचड़ से निकालने में मदद करना महंगा पड़ गया। एक साल पहले हुई दुर्घटना में न केवल उसका ट्रैक्टर खराब हो गया, बल्कि उसे गंभीर चोटें भी आईं। अब, जब ट्रांसपोर्ट कंपनी ने वादे के बावजूद मुआवजा नहीं दिया, तो पीड़ित ट्रैक्टर चालक ने राशन से भरे ट्रक को रोककर विरोध जताया है। यह घटना 20 सितंबर, 2024 की है, जब होरा ट्रांसपोर्टर का एक पीडीएस ट्रक राशन खाली करने के बाद कीचड़ में फंस गया था। ट्रैक्टर चालक **जितेंद्र नागेश** ने ट्रक को निकालने में मदद की। इस दौरान ट्रक की टक्कर से उसका ट्रैक्टर पलट गया, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके बाएं कान में चोट आई और सिर में 10 से ज्यादा टांके लगे। उस समय ट्रांसपोर्ट कंपनी ने स्टांप पेपर पर लिखित रूप में इलाज का खर्च और ट्रैक्टर की मरम्मत का मुआवजा देने का वादा किया था।





### ट्रांसपोर्ट कंपनी का दावा

वहीं, ट्रांसपोर्ट प्रतिनिधि जज कुमार सिन्हा का कहना है कि इलाज का सारा खर्च आयुष्मान कार्ड से वहन किया गया था और अन्य छोटे-मोटे खर्चों की भरपाई भी की गई थी। उन्होंने ट्रक को बंधक बनाए जाने की सूचना विभाग को दे दी है। इस मामले में जितेंद्र को उसके गांव और समाज के लोगों का भी पूरा समर्थन मिल रहा है।

**ठगा हुआ महसूस कर रहा परिवार-** जितेंद्र नागेश का कहना है कि इलाज में कुल ढाई लाख रुपये से ज्यादा खर्च हुए। आयुष्मान कार्ड और अन्य सरकारी योजनाओं के खर्च के अलावा, परिवार को अपनी बचत और पत्नी के गहने बेचकर 83 हजार रुपये खर्च करने पड़े। इस रकम की भरपाई के लिए जितेंद्र पिछले एक साल से ट्रांसपोर्ट कंपनी के चक्कर लगा रहा है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इस अन्याय से परेशान होकर जितेंद्र ने 31 अगस्त को घुमरापदर राशन दुकान के पास राशन से भरे ट्रक को रोक लिया। उसने कहा कि जब तक उसके खर्च किए गए पैसे वापस नहीं मिलेंगे, वह ट्रक को नहीं जाने देगा।

# आईटीआई में नवप्रवेशी छात्रों के लिए नवकौशल पथ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था मैनपुर में अगस्त 2025 सत्र के नवप्रवेशी छात्रों के लिए तीन दिवसीय 'नवकौशल पथः नई राह, नया हुनर' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नए छात्रों को संस्थान और उनके भविष्य के अवसरों के बारे में जानकारी देना था। पहले दिन छात्रों का परिचय सम्मेलन हुआ और उन्हें राज्य के विभिन्न संस्थानों के बारे में बताया गया।

दूसरे दिन उद्योग प्रतिनिधियों ने छात्रों को प्रशिक्षण के बाद रोजगार की संभावनाओं और रोजगार पंजीकरण के बारे में जानकारी दी। साथ ही, पूर्व छात्रों ने अपनी सफलता की कहानियाँ साझा कीं। इस मौके पर आईएमसी के चेयरमैन देवीचंद श्रीमाल ने विशेष अतिथि के रूप में छात्रों को संबोधित किया और उन्हें अपना खुद का उद्योग स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम में संस्थान के अधीक्षक, सभी प्रशिक्षण अधिकारी, कर्मचारी, और वर्तमान व पूर्व छात्र उपस्थित थे।



# व्यापम ने पूछी फरा की रेसिपी! 'पर्रा भर लाई, गने न सिराई' का अर्थ, 'गोबर दे बछरू गोबर दे, चारों खूंट ल लीपन दे' का संबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

व्यापम ने रविवार को हुई भर्ती परीक्षा में अभ्यर्थियों से फरा बनाने की रेसिपी ही पूछ डाली। पकवान बनाने के शौकीन अभ्यर्थियों ने तो इसका उत्तर दिया, लेकिन अन्य सिर पकड़कर बैठ गए। व्यापम द्वारा रविवार को मुद्रण तथा लेखन सामग्री विभाग के अंतर्गत रिक्त 19 पदों के लिए भर्ती परीक्षा आयोजित की गई थी। इन 19 पदों में डार्करूम असिस्टेंट, पेस्टिंग बॉय, आग्जिलरी इंकमैन/इंकर, जूनियर बाईडर, हमाल, सफाई कर्मचारी, चौकीदार, भृत्य एवं हेल्पर के पद शामिल हैं। इनके लिए लगभग 14000 आवेदन व्यापम को प्राप्त हुए थे, लेकिन परीक्षा में इनमें से मात्र 45 प्रतिशत अभ्यर्थी ही शामिल हुए। रायपुर के अलावा बिलासपुर और दुर्ग जिले में ही केंद्र बनाए गए थे।

- ड्रेस कोड को लेकर सतर्क रहे अभ्यर्थी, नहीं हुआ एक भी विवाद

## 19 पदों के लिए मिले थे 14 हजार आवेदन, 55 प्रतिशत रहे अनुपस्थित



### छग से जुड़े इस तरह के सवाल

- छत्तीसगढ़ी व्यंजन फरा बनाने की विधि क्रमवार बताइए।
- छत्तीसगढ़ी जनउला पर्रा भर लाई गने न सिराई का क्या अर्थ है?
- 'गोबर दे बछरू गोबर दे, चारों खूंट ल लीपन दे' का संबंध किस खेल से है?
- अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार छत्तीसगढ़ी त्योहारों को मनाने का क्रम बताइए।
- छग का पहला एआई डेटा सेंटर कहां प्रस्तावित है?
- छग का राजकीय वृक्ष कौन सा है?
- देवरानी-जेठानी का मंदिर कहां स्थित है?
- बस्तर का स्वाभिमान किसे कहा जाता है?
- कौन सा खनिज देशभर में केवल छग में पाया जाता है?
- महानदी की सहायक नदियों को उनके उद्गम स्थल से ओडिसा तक मिलने के क्रम में व्यवस्थित कीजिए।
- छग के शिक्षा विभाग में वर्तमान में लागू दो योजनाएं।

भर्ती परीक्षाओं के लिए लागू व्यापम के नए ड्रेस कोड के बाद यह पहली परीक्षा रही जिसमें किसी तरह का कोई विवाद नहीं हुआ। हल्के रंगों की परिभाषा स्पष्ट नहीं होने के कारण लगभग आधे अभ्यर्थी सफेद कपड़े पहनकर ही परीक्षा केंद्र पहुंचे हुए थे। परीक्षा प्रारंभ होने के आधे घंटे पूर्व मुख्य द्वार बंद कर दिए गए थे। पिछली परीक्षाओं में निर्मित हुई विवाद की स्थिति को देखते हुए इस बार अभ्यर्थियों ने तय समय पर हाजिरी दी।

### गणित और व्याकरण के सवाल कठिन

अभ्यर्थियों से छत्तीसगढ़ से जुड़े सामान्य ज्ञान के सवालों के साथ ही हिंदी व्याकरण और गणित सहित कई खंडों में सवाल पूछे गए। अभ्यर्थियों से 100 सवाल पूछे गए, जिन्हें हल करने दो घंटे का समय दिया गया था। हिंदी व्याकरण के सवाल जटिल रहे। इनमें तत्सम-तत्भव तथा समानार्थी शब्दों के सवाल कठिन रहे। हिंदी वर्णों को उच्चारण के आधार पर व्यवस्थित करने जैसे प्रश्न भी पूछे गए। इसके अलावा गणित के कुछ सवालों ने भी अत्यधिक समय लिया।

## खबर संक्षेप



### जम्मू-कश्मीर में डॉ. सहाय को बुद्धा पुरस्कार

**रायपुर।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने श्रीनगर में शेर-ए-कश्मीर कन्वेंशन सेंटर में एक भव्य समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम के उपराज्यपाल ने छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध फिजिशियन एवं समाजसेवी प्रो डॉ. अजय सहाय को अतिविशिष्ट समाज सेवाओं के लिए अंतर्राष्ट्रीय बुद्धा पुरस्कार से सम्मानित किया। इस अवसर पर भारत सरकार के कबिनेट मंत्री रामदास आठवले विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। ज्ञात हो कि डॉ. अजय सहाय विगत चार दशकों से समाज के कमजोर तबकों, सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों, पिछड़े ट्राइबल एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में निस्वार्थ सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। देश में डायबिटीज रोग के बढ़ते प्रकोप के मद्देनजर डॉ. सहाय द्वारा कभी भी, कहीं भी डायबिटीज डिटेक्शन कैंप्स का आयोजन किया जाता है। इन शिविरों में आगंतुकों के खून में रक्त शर्करा की जांच की जाती है और मरीजों को निशुल्क परामर्श दिया जाता है।

### आरआईएसटीए के अध्यक्ष बने योगेश



**रायपुर।** रायपुर आयरन एंड स्टील ट्रेडर्स एसोसिएशन (आरआईएसटीए) की एक महत्वपूर्ण बैठक में संगठन के आगामी नेतृत्व का सर्वसम्मति से चयन किया गया। बैठक में एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल हुए। इस अवसर पर सर्वसम्मति से योगेश बेरीवाल को निर्विरोध आरआईएसटीए का अध्यक्ष (वर्ष 2025-27) नियुक्त किया गया। उपस्थित सभी सदस्यों ने उनके अनुभव, नेतृत्व क्षमता और संगठन के प्रति समर्पण को देखते हुए इस जिम्मेदारी के लिए उन पर भरोसा जताया। इसी क्रम में लोहा बाज़ार के अध्यक्ष पद के लिए नरेश केडिया का भी सर्वसम्मति से चयन किया गया। सदस्यों ने विश्वास व्यक्त किया कि उनके मार्गदर्शन में व्यापारियों की समस्याओं का प्रभावी समाधान होगा तथा संगठन को और अधिक सशक्त दिशा मिलेगी।

## पर्व-त्योहारों में यात्रियों को मिलेगी राहत, पुरी-उधना के बीच चलेगी पूजा स्पेशल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

त्योहारों के मौसम में अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए रेलवे ने पुरी-उधना-पुरी के बीच पूजा स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यात्रियों को कंफर्म बर्थ के साथ यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह साप्ताहिक ट्रेन 10 फेरों के लिए चलाई जाएगी। 08471 पुरी-उधना पूजा स्पेशल पुरी से प्रत्येक सोमवार को 22 सितंबर से 24 नवंबर तक चलेगी। यह ट्रेन सुबह 6.30 बजे पुरी से रवाना होकर खुर्दा रोड, भुवनेश्वर, ढेंकनाल, अंगुल, संबलपुर, झारसुगुड़ा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया, नागपुर, अकोला, भुसावल, जलगांव, अमलनेर, नंदुरबार, व्यारा और चलथान होते हुए दूसरे दिन दोपहर 2 बजे उधना पहुंचेगी। वहीं 08472 उधना-पुरी पूजा स्पेशल उधना से प्रत्येक मंगलवार को 23 सितंबर से 25 नवंबर तक चलाई जाएगी। यह शाम 5 बजे रवाना होकर चलथान, व्यारा, नंदुरबार, अमलनेर, जलगांव, भुसावल, अकोला, नागपुर, गोंदिया, दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर, झारसुगुड़ा, संबलपुर, भुवनेश्वर और खुर्दा रोड होते हुए दूसरे दिन रात 10.45 बजे पुरी पहुंचेगी।

### 3 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेशभर से जुटे स्कूल सफाई कर्मचारी

# स्कूल सफाईकर्मियों की पुलिस से झूमाझटकी रोका तो सड़क पर बैठ गए, लगा लंबा जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- तूता धरनास्थल से निकाली रैली, पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोका

नवा रायपुर के तूता स्थित धरनास्थल से भाजपा प्रदेश कार्यालय का घेराव करने निकले स्कूल सफाई कर्मचारियों की रैली को पुलिस ने माना नहर के पास रोक दिया। इससे प्रदर्शनकारी बिफर उठे और सड़क पर बैठकर घंटों नारेबाजी करते रहे। इस दौरान पुलिस प्रशासन और आंदोलनकारियों के बीच झूमाझटकी की नौबत भी आई। 3 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेशभर से बड़ी संख्या में अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी रविवार को प्रदेश स्तरीय आंदोलन में शामिल हुए।

भाजपा द्वारा 2023 के विधानसभा चुनाव के पूर्व घोषणापत्र में किया गया 50 फीसदी वेतनवृद्धि का वादा पूरा कराने और पूर्णकालिक कलेक्टर दर से वेतन भुगतान करने तथा युक्तियुक्तकरण में प्रभावित स्कूल सफाई कर्मचारियों को काम पर यथावत रखने की मांग को लेकर प्रदेशभर के 43301 अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारियों ने शासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। रविवार को प्रदेश के दूरदराज इलाकों से बड़ी संख्या में स्कूल सफाई कर्मचारी सुबह से नवा रायपुर के तूता धरनास्थल से भाजपा प्रदेश कार्यालय तक रैली निकालने के लिए पहुंचे। उनके प्रदर्शन को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस प्रशासन ने बड़ी संख्या में पुलिस जवानों की तैनाती की थी। आंदोलकारियों ने पूरे दमखम के साथ धरनास्थल से रैली निकाली, जिसे पुलिस प्रशासन ने माना नहर के पास बेरिकेड्स लगाकर रोक दिया। इससे प्रदर्शकारी सड़क पर बैठकर नारेबाजी करने लगे। बाद में उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों को स्थल पर अपनी मांगों के संबंध में ज्ञापन सौंपा।



### मंत्रालय से चर्चा के लिए बुलावा पदाधिकारी गए

छत्तीसगढ़ अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारियों के प्रतिनिधिमंडल को मंत्रालय से चर्चा के लिए बुलाया गया। आधा दर्जन से ज्यादा पदाधिकारी इस दौरान चर्चा के लिए मंत्रालय गए। वहीं बड़ी संख्या में स्कूल सफाई कर्मचारी चक्काजाम कर घंटों सड़क पर बैठकर विरोध जताते रहे।

### जाम रहा हाईवे

कर्मचारियों के सड़क पर बैठने की वजह से जाम के हालात बन गए थे। पुलिस ने सड़क की दोनों ओर आवाजाही बंद कर दी। लोगों को वैकल्पिक मार्ग का इस्तेमाल करना पड़ा। जाम में फंसे लोग माना से घूमकर शहर की ओर आए।

## कृषि उपकरणों पर 5 फीसदी जीएसटी, पोहा-मुरमुरा करमुक्त रखने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- जीएसटी काउंसिल की बैठक 3 से कैट सीजी चैप्टर ने वित्त मंत्री को भेजे सुझाव

जीएसटी काउंसिल की बैठक 3 और 4 सितंबर को नई दिल्ली में होगी। इस बैठक में आम जनता से जुड़े विषयों को लेकर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को सुझाव भेजे गए हैं। इन सुझावों में कृषि उपकरणों पर जीएसटी 5 फीसदी किए जाने, आम आदमी के दैनिक उपयोग में आने वाले पोहा-मुरमुरा को करमुक्त करने, स्कूल बसों पर जीएसटी 28 फीसदी से घटाकर 5 फीसदी किए जाने के सुझाव शामिल हैं।

प्रदेशभर के विभिन्न व्यापारिक संगठनों ने आगामी जीएसटी बैठक के लिए कैट की छत्तीसगढ़ इकाई के पास बिंदुवार सुझाव पेश किए हैं। इन सुझावों को रविवार को कैट के नेशनल वाइस चेयरमैन अमर पारवानी, स्टेट चेयरमैन विक्रम सिंहदेव, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन के माध्यम से संकलित कर वित्त मंत्री को भेजा गया है। कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड भारत सरकार के सदस्य अमर पारवानी ने कहा कि प्रदेश के व्यापार जगत ने व्यापक चर्चा एवं विचार-विमर्श के बाद जिन बिंदुओं को चिन्हित किया है, वे न केवल व्यापारियों और उद्योग जगत, बल्कि किसानों, छात्रों एवं आम उपभोक्ताओं के हित से भी जुड़े हुए हैं।

## विधायक रोहित का तीर्थयात्रा से लौटने पर भव्य स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

अयोध्या, प्रयागराज, काशी, वृंदावन और मथुरा की तीर्थयात्रा से लौटे राजिम विधायक रोहित साहू का सोमवार सुबह राजिम में भव्य स्वागत किया गया। समर्थकों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने गजमाला पहनाई और फूलों की वर्षा कर उनका अभिनंदन किया। इस ऐतिहासिक स्वागत में शामिल होने वालों में जनपद अध्यक्ष इंद्राणी-नेहरू साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, जेंजरा सोसायटी अध्यक्ष महेश साहू, विधायक प्रतिनिधि विजय कंडरा और छाया राही, मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू और जनपद उपाध्यक्ष सतीश यादव सहित कई भाजपा कार्यकर्ता, पत्रकार और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे।

विधायक रोहित साहू ने अयोध्या में बने राम मंदिर की खूबसूरती और भव्यता की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि भगवान रामलला का जन्म स्थान स्वर्ग से कम नहीं है। उन्होंने अपनी यात्रा के दौरान सभी तीर्थस्थलों पर विधिवत पूजा-अर्चना की और राजिम विधानसभा क्षेत्र की तरक्की, खुशहाली और सुख-समृद्धि के लिए मंगल कामना की।

## कृष्ण मित्र फाउंडेशन की बैठक में पदाधिकारियों ने लिए कई निर्णय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- सोमेश्वर महादेव मंदिर सरजूबांधा श्मशानघाट के पास के शेड निर्माण के लिए घोषणा की

टिकरापारा स्थित सरजूबांधा मुक्तिधाम में रविवार को कृष्ण मित्र फाउंडेशन की बैठक हुई। इस दौरान गत दिनों संपन्न हुई सावन उत्सव प्रतियोगिता, महिलाओं के लिए हरेली उत्सव प्रतियोगिता के अलावा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी थाना सिटी कोतवाली के बंदीगिरी और पोला पर्व पर बैल दौड़, सजावट प्रतियोगिता एवं किसान सम्मान समारोह प्रतियोगिता के समीक्षा की गई तथा कार्यक्रम में हुए खर्चों को सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक में रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी द्वारा स्वीकृत 5 लाख रुपए की विधायक निधि राशि से कार्य की शुरुआत की रूपरेखा तैयार की गई। विधायक श्री सोनी ने सोमेश्वर महादेव मंदिर सरजूबांधा श्मशानघाट के पास के शेड निर्माण के लिए घोषणा की है। नारायण साहू ने अपने दादा स्व. भुवन साहू की स्मृति में 10 हजार की राशि से दो सीमेंट के बेंच मुक्तिधाम परिसर के उपयोग के लिए दान दिए। साथ ही अजय जैन पटौदी ने मुक्तिधाम परिसर में उपयोग के लिए एक सीलिंग पंखा और इमरजेंसी ट्यूबलाइट दान में दी। इस अवसर पर अध्यक्ष माधवलाल यादव, संजय चंद्राकर, पदाधिकारी रतन जैन, राजेश सिंह ठाकुर, सचिव गोवर्धन झंवर, राजू यादव, रवि धनगर, अशोक पटेल, लोकेश यादव सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।

## ड्रग्स के हनी ट्रैप गैंग में कई युवतियां पुलिस को मिले ढेरों मोबाइल नंबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- कांटेक्ट लिस्ट में रायपुर, दुर्ग, भिलाई के अलावा दूसरे राज्यों की लड़कियों के नाम

एमडीएमए मामले में पुलिस ने जिन चार लोगों को गिरफ्तार किया है, उनमें अपने हुस्न के जाल में फंसाकर ड्रग्स बेचने वाली नव्या मलिक द्वारा ड्रग खपाने लड़कियों के इस्तेमाल करने की पुलिस को आशंका है। इसकी वजह नव्या के मोबाइल में ढेरों युवतियों के मोबाइल नंबर मिले हैं। इनमें ज्यादातर दुर्ग, भिलाई, रायपुर के अलावा दूसरे राज्यों की लड़कियां शामिल हैं। नव्या के मोबाइल कांटेक्ट सूची में करीब आठ सौ लोगों के मोबाइल नंबर पुलिस को मिले हैं। इनमें से कई नंबर मलेशिया के बताए जा रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, पूछताछ में नव्या पुलिस को सहयोग नहीं कर रही है। नव्या को पुलिस ने पूछताछ करने पांच दिन की रिमांड पर लिया है। राजधानी में कोरोना संक्रमण के समय से ड्रग्स का कारोबार तेजी से फैला है। राजधानी सहित प्रदेश के युवाओं को ड्रग के गर्त में धकेलने वालों के खिलाफ पुलिस सख्ती कर रही है। पुलिस ने ड्रग के कारोबार से जुड़े दो बड़े नेटवर्क के सरगना सहित उनके पैडलर को गिरफ्तार कर ड्रग नेटवर्क तोड़ने में कामयाबी हासिल की है। पाकिस्तान से ड्रग मंगाकर खपाने वालों के साथ हनी ट्रैप में फंसाकर ड्रग खपाने वाले रैकेट से जुड़े लोगों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है।


ड्रग में भी हनी ट्रैप, इंटीरियर डिजाइनर मुंबई से गिरफ्तार

### बैंक अकाउंट की जांच

पुलिस को नव्या के रायपुर के साथ दिल्ली तथा मुंबई में बैंक अकाउंट होने की जानकारी मिली है। पुलिस उन बैंक अकाउंट्स के बारे में जानकारी जुटाकर जांच करने की बात कह रही है। नव्या तथा उससे जुड़े रैकेट के लोगों द्वारा ज्यादातर यूजर्स को कैश में ड्रग बेचे जाने की जानकारी पुलिस को मिली है। ड्रग रैकेट मामले में पुलिस जल्द ही नए तथ्यों के साथ खुलासा करने की बात कह रही है।

### संदिग्ध नंबरों की जांच

पुलिस के अनुसार, नव्या के मोबाइल में जो नंबर मिले हैं, उसमें उसके परिवार से जुड़े लोग, इंटीरियर डिजायनर फील्ड से जुड़े लोगों के अलावा रिश्तेदारों सहित अन्य कई लोगों के नंबर मिले हैं। पुलिस नव्या के मोबाइल से मिले संदिग्ध नंबरों को अलग कर उसकी पड़ताल कर रही है। संदिग्धों की सूची तैयार कर पुलिस उन्हें पूछताछ करने जल्द ही तलब करने की बात कह रही है। नव्या के मोबाइल में शहर के कई नामचीन लोगों के नाम होने की बात भी सूत्र बता रहे हैं।

### कोडवर्ड में मिले कई नाम

पुलिस के अनुसार, नव्या के मोबाइल में कई नाम कोडवर्ड में लिखे मिले। इनमें चाकलेट, बेबी जैसे नाम से नंबर सेव होना बताया जा रहा है। पुलिस को आशंका है कि जिन लोगों के नाम कोडवर्ड में मोबाइल में सेव हैं, वे ड्रग्स खपाने वाले रैकेट से जुड़े हो सकते हैं या फिर नियमित ड्रग्स खरीदने वाले ग्राहक हो सकते हैं।

## गेंहू-चना बीज को ज्यादा रेट पर बेचा, अब होगी वसूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- प्रति बोरी के पीछे गेंहू बीज में 268 रुपए एवं चना बीज में 290 रुपए ज्यादा लिए गए

तिल्दा क्षेत्र में रबी सीजन 2024-25 एवं खरीफ सीजन 2025-26 में बीज ग्राम योजना के तहत खेती-किसानी के लिए किसानों को गेंहू, चना बीज एवं जिंक सल्फेट वितरण किया गया। शासन ने दोनों बीज एवं जिंग सल्फेट प्रति किलो, प्रति बोरी की दर से दाम निर्धारित किया था। किसानों को इसी निर्धारित कीमत पर इसका वितरण होना था, लेकिन इसमें अनियमितता कर अफसरों ने किसानों को निर्धारित मूल्य से अधिक दरों पर गेंहू-चना बीज एवं जिंक सल्फेट वितरण किया। इसका खुलासा इस मामले की प्रारंभिक जांच में हुआ है। इस क्षेत्र के सभी फील्ड में पदस्थ कृषि विस्तार अधिकारियों ने अपने बयान में बताया है कि क्षेत्र के कार्यालय वरिष्ठ कृषि विकास एवं विस्तार अधिकारी ने बैठक लेकर इस संबंध में उन्हें निर्देश दिए थे, जिसका सभी ने मात्र पालन किया है। इधर प्रारंभिक जांच के बाद क्षेत्र के वरिष्ठ अधिकारी ने आदेश जारी कर किसानों को उनकी अंतर की राशि लौटाने के लिए कहा है। अधिकारी का बयान है कि ट्रांसपोर्टिंग का पैसा जोड़कर रेट लिया गया है।

### जिला पंचायत की सामान्य सभा में उठा मामला



राजधानी रायपुर में 16 जून 2025 को हुई जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक में अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने इस मामले में विभाग के अधिकारियों को जानकारी दी थी कि उनके पास किसानों की शिकायत आई है कि रबी और खरीफ सीजन में गेंहू, चना बीज एवं जिंग सल्फेट को निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर उन्हें वितरण किया है। इसके बाद केएन रस्तोगी अनुविभागीय कृषि अधिकारी उपसंभाग रायपुर को इस मामले की जांच के लिए आदेशित किया गया था।

### विभागीय जांच जारी

इस मामले में विभागीय जांच अभी जारी है। जांच में जो भी दोषी पाए जाएंगे, उनके विरुद्ध कार्रवाई होगी। जांच रिपोर्ट सप्ताहभर में मांगी गई है। रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई करेंगे।

*- सतीश अवस्थी, जिला कृषि अधिकारी*

### किसानों से वसूले ज्यादा दाम

जांच कर रहे अधिकारी ने इस मामले में फील्ड में पदस्थ सभी कृषि विस्तार अधिकारियों के बयान लिए हैं। इस बयान में सभी विस्तार अधिकारियों ने स्वीकार किया है कि उनके द्वारा गेंहू बोरी (40 किलो) 1108 रुपए, चना बोरी (30 किलो) 1460 रुपए तथा जिंक सल्फेट (प्रति किलो) 50 रुपए की दर से वितरित किए गए हैं।

### भाड़ा भी लगता है इसलिए...

जांच के दौरान क्षेत्र के कार्यालय प्रभारी अधिकारी कृष्ण कुमार अनुरागी ने स्वीकार किया है कि रबी सीजन 2024-25 में जिंक सल्फेट प्रति किलो 50 रुपए एवं खरीफ सीजन 2025 में 42 रुपए प्रति किलो से जिंक सल्फेट वितरित किया है। उन्होंने अपने बचाव में यह भी कहा कि गाड़ी भाड़ा लगता है। यह राशि कौन देगा, इसलिए अधिक मूल्य पर वितरण के निर्देश दिए थे।




## विधायक साहू का तीर्थयात्रा से लौटने पर भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर


राजिम विधायक रोहित साहू का प्रयागराज, वाराणसी और अयोध्या की तीर्थयात्रा से सकुशल लौटने पर सोमवार को एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत किया गया। इस यात्रा में उनके साथ उनकी पत्नी, माता-पिता और अन्य तीर्थयात्री भी शामिल थे। सभी तीर्थयात्रियों का स्वागत जिला पंचायत सभापति नंदनी कोमल ढीढी, जनपद पंचायत फिंगेश्वर की अध्यक्ष प्रतिनिधि इंद्राणी नेहरू साहू, जनपद उपाध्यक्ष सतीश यादव, भाजपा युवा मोर्चा के राजू साहू और पूर्व सरपंच मोती निषाद सहित कई भाजपा कार्यकर्ताओं, परिजनों और मित्रों ने पुष्पमालाओं और गुलदस्तों से किया। विधायक रोहित साहू ने इस अवसर पर अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि तीर्थस्थलों के दर्शन से उन्हें आत्मिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव हुआ है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा उनके लिए एक पवित्र और आध्यात्मिक अनुभव रही। उन्होंने बताया कि इस दौरान उन्हें विभिन्न संस्कृतियों और परंपराओं को जानने का अवसर मिला। रोहित साहू ने अपने विधानसभा क्षेत्र के लोगों की सुख-समृद्धि और खुशहाल जीवन की कामना की। उन्होंने तीर्थयात्रा को धार्मिक आस्था और सामाजिक एकता का प्रतीक बताया। स्वागत समारोह में बड़ी संख्या में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और नागरिक उपस्थित थे।


## छुईहा बेलर अंचल में गणेशोत्सव...


सुरजा चौक देवगांव


दुर्गा मंच बिजली


सुन्दर नगर बेलर


छुईहा बेलर


सरस्वती शिशु मंदिर चरौदा

## खबर संक्षेप



### रानीपरतेवा हाई स्कूल को मिला नया प्राचार्य

**मुड़ागांव (कोरासी)।** रानीपरतेवा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सोमवार, 1 सितंबर को मंशाउर्रहमान खान ने नए प्राचार्य के रूप में पदभार संभाला। उन्होंने निवर्तमान प्रभारी प्राचार्य बसंत कुमार यदु से यह कार्यभार ग्रहण किया। इस दौरान शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामप्रसाद शांडिल्य, मिडिल स्कूल के प्रधान पाठक थानेश्वर निर्मलकर और स्कूल के स्टाफ सदस्य मौजूद थे। यह पद अप्रैल 2024 में पूर्व प्राचार्य रामरतन सिंह तोमर की सेवानिवृत्ति के बाद से खाली था। स्थायी प्राचार्य की नियुक्ति से स्थानीय जनप्रतिनिधियों, स्कूल प्रबंधन, अभिभावकों और छात्रों ने संतोष व्यक्त किया है। इस अवसर पर जनपद सदस्य पंकज निर्मलकर, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष सोमन यदु और सांसद प्रतिनिधि रमन नामदेव ने भी खुशी जाहिर की। पदभार ग्रहण समारोह में स्टाफ सदस्यों ने नए प्राचार्य का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। श्री खान ने स्कूल के सभी शिक्षकों और छात्रों से मुलाकात कर उनका परिचय लिया। उन्होंने छात्रों से उनकी कक्षाओं में जाकर पढ़ाई के प्रति हमेशा लगन और दृढ़ रहने का संदेश दिया। इस कार्यक्रम में नव पदोन्नत प्राचार्य (पाटसिवनी) प्रेमलाल ध्रुव, रामप्रसाद शांडिल्य, थानेश्वर निर्मलकर, बसंत कुमार यदु, प्रदीप कुमार बढ़ाई, और स्कूल के कई अन्य शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित थे।

### भरेगाभाठा में आंबा के लिए हुआ भूमिपूजन



**अभनपुर।** ग्राम भरेगाभाठा के भाटापारा मोहल्ला मे बच्चो व महिलाओ के पोषण और शिक्षा के उद्देश्य से लगभग 11 लाख रूपये की लागत से गांव के जनप्रतिनिधियो व वरिष्ठ नागरिको द्वारा आंगनबाड़ी निर्माण हेतू भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर सरपंच निलेश यादव,उपसरपंच महेश सोनवानी,मोहन कोसले, ललित यादव,पवन बांधे, इंदल निषाद, जेठू सोनवानी,भूपेन्द्र मांडे, अमन धीवर,देवेन्द्र कोसले,पीतांबर भारती सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### राहुल गांधी के बयान के विरोध में भाजपा का प्रदर्शन

**मुड़ागांव (कोरासी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां के खिलाफ की गई अमर्यादित टिप्पणी को लेकर गरियाबंद में भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का पुतला दहन किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि महागठबंधन के नेताओं द्वारा जानबूझकर प्रधानमंत्री का अपमान किया गया है, जिससे आम लोगों में भारी आक्रोश है। उनका कहना है कि इस तरह की असंवेदनशील भाषा विपक्ष की नकारात्मक मानसिकता को दर्शाती है। प्रदर्शन के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी को चेतावनी दी कि यदि भविष्य में भी ऐसी बयानबाजी जारी रही, तो वे सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन करेंगे।

## कार्यक्रम : जिले में आदि कर्मयोगी अभियान के तहत जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

# कलेक्टर ने किया रेस्पॉन्सिव गवर्नेंस प्रशिक्षण का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा गरियाबंद जिले में 'आदि कर्मयोगी' अभियान के तहत 'रेस्पॉन्सिव गवर्नेंस प्रोग्राम' का तीन दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इसका उद्देश्य जनजातीय विकास और परिवर्तन के लिए व्यक्तियों और संस्थाओं को सशक्त बनाना है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन कलेक्टर बीएस उइके ने किया। इस दौरान आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त नवीन भगत, वन विभाग के एसडीओ मनोज चंद्राकर, जिला अधिकारी और मास्टर ट्रेनर भी मौजूद थे। कलेक्टर बीएस उइके ने बताया कि इस अभियान का मुख्य लक्ष्य अनुसूचित जनजातियों के विकास और कल्याण से जुड़ी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। इसके लिए विभागों के बीच समन्वय और सामुदायिक भागीदारी को बढ़ाया जाएगा।

### जनजातीय परिवारों को 25 योजनाओं का लाभ दिलाने की होगी पहल




#### कैडर और आदि सेवा केंद्र की स्थापना

आदिम जाति कल्याण विभाग के सहायक आयुक्त नवीन भगत ने बताया कि इस अभियान के लिए एक मजबूत ढांचा तैयार किया जा रहा है। जिला स्तर पर 7 और ब्लॉक स्तर पर 35 मास्टर ट्रेनर तैयार किए गए हैं, जो ग्रामीण स्तर पर आदि साथी' और 'आदि सहयोगी' को प्रशिक्षित करेंगे। प्रत्येक गांव से कम से कम 20 आदि साथी/सहयोगी चुने जाएंगे, जिनमें पंचायत सचिव, पंच, स्व-सहायता समूह, युवा और स्वयंसेवक शामिल होंगे। ये चुने हुए सदस्य गांवों में आवास, सड़क, पेयजल, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं में कमियों की पहचान करेंगे। वे लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देंगे और ग्राम विकास योजना बनाने में मदद करेंगे। अभियान के तहत हर गांव में 'आदि सेवा केंद्र' स्थापित किया जाएगा, जहां सभी विभागों की योजनाओं की जानकारी उपलब्ध होगी।

इस अभियान के तहत जिले के 5 विकासखंडों के 334 आदिवासी बहुल गांवों के 64,877 परिवारों को 17 मंत्रालयों की 25 योजनाओं (जैसे आवास, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार) से लाभान्वित किया जाएगा। कलेक्टर ने ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स से प्रशिक्षण को गंभीरता से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों तक जानकारी पहुंचाने की अपील की।

## गायत्री मंदिर में हुआ तीज सम्मेलन का आयोजन





हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

पंडित श्यामाचरण शुक्ल फाउंडेशन द्वारा राजिम के गायत्री मंदिर में तीज सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें राजिम, छुरा, फिंगेश्वर और कोपरा सहित कई जगहों से बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में महिलाओं के लिए कई तरह के खेल और प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिसमें विजेताओं को पुरस्कार भी दिए गए। तीज के अवसर पर महिलाओं को चूड़ियां और सुहाग का सामान भी भेंट किया गया। सम्मेलन में फाउंडेशन के चेयरमैन अमितेश शुक्ल ने भी उपस्थित होकर सभी महिलाओं को तीज की बधाई दी। कार्यक्रम में फाउंडेशन की सदस्य और अमितेश शुक्ल की बहू प्रियंका शुक्ल के साथ रानी साहिबा की बहू माहेश्वरी शाह, किरण तिवारी, मंजू ध्रुव, हेमलता सिन्हा, राजकुमारी सोनी, सुमित्रा निराला, चंचल यदु, कुसुम गौड़, दीप्ति यादव, लक्ष्मी ध्रुव, यामीन खान और कमली साहू समेत कई महिलाएं मौजूद थीं।

## छुरा में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा/रसेला

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार** के तत्वाधान में गरियाबंद जिले में मेरा युवा भारत के तहत एक भव्य खेलकूद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला युवा अधिकारी अर्पित तिवारी के मार्गदर्शन और नरेंद्र साहू के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों और युवाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इस आयोजन का मुख्य आकर्षण पारंपरिक खेल रहे, जिनमें कुर्सी दौड़, रस्सी कूद, नींबू दौड़ और लंगड़ी दौड़ शामिल थे। इन खेलों में प्रतिभागियों ने जबरदस्त उत्साह दिखाया। कुर्सी दौड़ में सावित्री नागेश (प्रथम), किरण मरकाम (द्वितीय), काजल नागेश (तृतीय)। रस्सी कूद दामिनी ठाकुर (प्रथम), राधिका नागेश (द्वितीय), पुष्पलता नागेश (तृतीय)। नींबू दौड़ दामिनी ठाकुर (प्रथम), सावित्री नागेश (द्वितीय), पल्लवी ठाकुर (तृतीय)। कार्यक्रम में विजेताओं को पुरस्कृत करने के साथ-साथ खेल सामग्री भी वितरित की गई। आयोजन में प्रमेद नागेश, लीलांबर सोरी, हेमनारायण सोरी और लखन चंद्राकर जैसे गणमान्य अतिथि शामिल हुए। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में छत्तीसगढ़िया नवयुवक मंडल कोसमी के सदस्यों, खासकर लोकेश नागेश, अनुराग चंद्राकर, संजय सोरी, टीकम सोरी, रूपेश जगत और वासुदेव नागेश का विशेष योगदान रहा।

## नेत्रहीन छात्रा प्रीती को मिला समाज का साथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज की गरियाबंद जिला इकाई ने ग्राम बरभाठा की नेत्रहीन छात्रा प्रीती यादव की मदद के लिए एक सराहनीय पहल की है। प्रीती, जो जन्म से दृष्टिबाधित हैं, ने अपनी मेहनत और लगन से पढ़ाई और खेल, दोनों क्षेत्रों में कई सम्मान और पुरस्कार हासिल किए हैं। अब वह राष्ट्रीय स्तर के टूर्नामेंट में हिस्सा लेने और उच्च शिक्षा प्राप्त करने की तैयारी कर रही हैं। प्रीती ने अपनी इस यात्रा के लिए मदद की गुहार अपने समाज के सामने रखी और प्रदेश महामंत्री सुनील यादव को पूरी जानकारी दी। सुनील यादव ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए अपने सामाजिक समूह में इस पहल की शुरुआत की। उनकी अपील पर समाज के सभी जिला और परिक्षेत्र के पदाधिकारी तुरंत एकजुट हुए और राजिम स्थित समाज भवन में एक बैठक बुलाई गई, जिसमें प्रीती यादव को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। समाज की यह पहल प्रीती के सपनों को पंख देने और उसे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने का एक महत्वपूर्ण कदम है।



## शिक्षक संघ ने शिक्षा मंत्री को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम



छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के प्रांतीय प्रवक्ता रामनारायण मिश्रा ने बताया कि छ. ग. शिक्षा संघ का प्रतिनिधिमंडल प्रदेश के शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव से सौजन्य मुलाकात कर विभिन्न मांगों के संदर्भ में ज्ञापन सौंपा। जिसमें प्रमुख रूप से शनिवार को शाला पहले की भांति ,सुबह 7:30 बजे से 11:30 बजे तक लगाने की मांग की ,साथ ही साथ टी संवर्ग के प्राचार्य पदोन्नति आदेश जारी करने पर मंत्री जी का आभार व्यक्त किया और ई संवर्ग की प्राचार्य की पदोन्नति शीघ्र करने के संबंध में कार्यवाही करने का आग्रह किया। मंत्री जी ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया कि सभी मांगों पर शीघ्र ही निर्णय लिया जाएगा। शनिवार को सुबह स्कूल के आदेश शीघ्र जारी होने की संभावना है। इस प्रतिनिधि मंडल में संजय ठाकुर प्रांताध्यक्ष, ओंकार सिंह प्रमुख प्रांतीय संगठन मंत्री, डॉ अशोक गुप्ता उपप्राताध्यक्ष, मनोज राय महामंत्री, हरिप्रसाद शर्मा, भुवन सिन्हा संभागीय अध्यक्ष, टीकम साहू प्रांतीय मंत्री, भुवनेश्वर देवांगन प्रांतीय मंत्री, हरनारायण राजपूत जिला अध्यक्ष, देवेंद्र तिवारी, नेम सिंह साहू, प्रणव आदि शामिल थे।

### झरगांव हाई स्कूल में नए प्राचार्य ने संभाला पदभार

**मैनपुर।** मैनपुर विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झरगांव में सोमवार को तोरण लाल नेताम ने नए प्राचार्य के रूप में कार्यभार संभाला। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने स्कूल स्टाफ के साथ एक संक्षिप्त बैठक की, जिसमें उन्होंने आगामी सत्र 2025-26 में बेहतर परीक्षा परिणामों के लिए रणनीति पर चर्चा की और सबको मिलकर काम करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर, पूर्व प्राचार्य अभय कश्यप की उपलब्धियों की भी सराहना की गई। उनके कार्यकाल (2016 से 2024 तक) में स्कूल के परीक्षा परिणाम हमेशा उत्कृष्ट रहे हैं। इस दौरान दसवीं कक्षा का रिजल्ट 95% से ऊपर और बारहवीं कक्षा का रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा। ज्ञात हो कि शैक्षणिक सत्र 2022-23 में अभय कश्यप को गरियाबंद जिले में उत्कृष्ट प्राचार्य के रूप में सम्मानित किया गया था। यह सम्मान उन्हें तत्कालीन संसदीय सचिव विकास उपाध्याय और कलेक्टर आकाश छिकारा द्वारा दिया गया था।



## छुइहा बेलर में गणेश उत्सव की धूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

छुईहा बेलर क्षेत्र के कई गांवों सहित बिजली में गणेश उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। यहां मौली मंदिरों, आजाद चौक, शंकर नगर, सूर्या चौक, बजरंग चौक और अन्य पंडालों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। पूरे क्षेत्र में भक्ति संगीत, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और सामाजिक गतिविधियों से भक्तिमय माहौल बना हुआ है। इसी कड़ी में, रविवार को बजरंग चौक बिजली में मयारू माई छत्तीसगढ़ी लोककला नाचा रामधुनी पार्टी परिवार सिकोसा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत सभापति नंदनी ओमकार साहू मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि गणेश उत्सव सिर्फ धार्मिक पर्व नहीं है, बल्कि यह समाज को एकता और सहयोग से जोड़ने वाला पर्व है। उन्होंने समाज में प्रेम और भाईचारे की भावना को बढ़ाने पर जोर दिया। अतिथियों ने क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण घोषणाएं भी कीं। जिला पंचायत सभापति नंदनी ओमकार साहू ने 5 लाख रुपये और जनपद सभापति नंदू यादव ने 1 लाख रुपये देने की घोषणा की। सरपंच प्रतिनिधि और पूर्व सरपंच मोती निषाद ने अतिथियों से टीना शेड निर्माण की मांग रखी, जिसके बाद नंदनी ओमकार साहू ने 5 लाख रुपये और टीना शेड के लिए 1 लाख रुपये की अतिरिक्त घोषणा की। कार्यक्रम में स्थानीय लोगों, युवाओं, महिलाओं और बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रामधुनी पार्टी ने गणेश वंदना और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर मंच संचालक ठाकुर राम यादव, धनराज साहू, कुमारी पटेल, गुलाब साहू और सोनराज साहू सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।




## गणेश उत्सव को लेकर शांति समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा



गणेश उत्सव और विसर्जन पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना छुरा परिसर में एक शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इसमें गणेश समितियों के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और पुलिस-प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता छुरा के तहसीलदार गेंदलाल साहू ने की। थाना प्रभारी पवन वर्मा ने सभी से अपील करते हुए कहा कि गणेश उत्सव भारतीय संस्कृति और भाईचारे का प्रतीक है, जिसे सभी को मिलकर सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाना चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से साउंड सिस्टम के लिए निर्धारित समय और ध्वनि-सीमा का पालन करने का आग्रह किया। इस दौरान पत्रकारों ने भी अपने विचार रखे और जनभावनाओं को सामने रखा। थाना प्रभारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रतिमा स्थापना से लेकर विसर्जन तक की सभी गतिविधियाँ प्रशासन के नियमों के अनुसार ही होंगी। नियमों का उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में उपस्थित सभी गणेश समितियों के प्रतिनिधियों ने प्रशासन को पूरा सहयोग देने का भरोसा दिलाया। अंत में सभी ने पर्व को शांति और सौहार्द्र के साथ मनाने का संकल्प लिया।

## अंचल में गणेश उत्सव की धूम, जगह-जगह विराजे गणपति...


पाण्डुका। ज्ञान गंगा गणेश समिति श्रीराम चौक कुरुद में स्थापित प्रतिमा


श्री स्टार गणेश समिति नाली डीही पारा गाड़ाघाट


श्री विनायक गणेश उत्सव समिति बस स्टैंड पाण्डुका।


आजाद चौक सरकड़ा में युवाओं द्वारा स्थापित गणेश जी


बजरंग चौक कुटेना में विराजित गणेश जी


पाण्डुका। बाल गणेश उत्सव समिति जागृति चौक पोड़ में विराजित प्रतिमा


शिव चौक टीकरा पारा कुटेना गणपति जी।


शीतला पारा कुटेना में विराजित प्रतिमा।


श्री सिद्धि विनायक समिति चौक कुटेना


श्री गणेश उत्सव युवा समिति शीतला पारा रजनकटा।

### खबर संक्षेप

#### शिक्षक कॉलोनी में गणेशोत्सव की धूम



**नवापारा-राजिम।** नवापारा-राजिम की शिक्षक कॉलोनी में गणेश उत्सव का पर्व बड़े उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। सुबह से ही पूरी कॉलोनी में भक्तिमय माहौल बन जाता है। शाम को महाआरती में कॉलोनी के सभी लोग पीले रंग के परिधान पहनकर शामिल होते हैं। इस दौरान ढोल-नगाड़ों और तालियों की गूंज से पूरा वातावरण भक्तिमय हो जाता है। इस साल, नवतरंग गणेश उत्सव समिति ने पंडाल की सजावट बहुत ही आकर्षक तरीके से की है। इस उत्सव को सफल बनाने के लिए कॉलोनी के कई युवा सक्रिय रूप से व्यवस्था संभाल रहे हैं, जिनमें विवेक देवांगन, भावेश साहू, हर्ष साहू, अश्विनी साहू, मयंक साहू, देवेंद्र साहू, छोटू साहू, लक्की साहू, गिरीराज सिंह राजपूत, सुमित साहू, करण पटेल, प्रतीक राजपूत, खिलेश निषाद और यश देवांगन शामिल हैं।

#### खरोरा के शहीद स्मारक में स्वच्छता अभियान

**खरोरा।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में स्वच्छता अभियान चलाया गया। पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्राकर, पूर्व सैनिक संगठन के सदस्य रामप्यारी साहू ने बताया कि यहां स्वच्छता अभियान चलाया गया।

### विडंबना : कई सरकारी दफ्तर, स्कूल, कॉलेज और अस्पताल मौजूद फिर भी मरम्मत नहीं

# राजिम-घटारानी मार्ग जर्जर, दुर्घटना की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

■ वाहन चालकों को होती है काफी परेशानी

राजिम से घटारानी-छुरा जाने वाला मार्ग बेहद खराब हालत में है। सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे बन गए हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। यह सड़क इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इस पर कई सरकारी दफ्तर, स्कूल, कॉलेज, और अस्पताल जैसे संस्थान मौजूद हैं, जहां पूरे दिन लोगों की भारी आवाजाही रहती है। सड़क की खराब हालत के कारण वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। यह सिंगल लेन सड़क है, जिस पर यात्री वाहनों के साथ-साथ टाटा एस जैसी गाड़ियां भी सवारी भरकर चलती हैं। गड्ढों से बचने की कोशिश में अक्सर वाहन चालक आपस में झगड़ पड़ते हैं। चार पहिया वाहनों को तो क्रॉसिंग के दौरान सड़क से नीचे उतरना पड़ता है, जिससे कीचड़ में फंसने का खतरा बना रहता है। बेलटुकरी, भैंसातरा और कौंदकेरा जैसे गांवों के लोग भी इसी मार्ग से आते-जाते हैं। बच्चे और महिलाएं भी इसी जान जोखिम भरी सड़क से सफर करते हैं। खासकर रविवार और छुट्टियों के दिन घटारानी जाने वाले वाहनों की संख्या बढ़ जाती है। तेज रफ्तार से चलने वाली कारें और लग्जरी गाड़ियां भी इस खराब सड़क पर बिना स्पीड कम किए दौड़ती हैं, जिससे स्थानीय लोग दहशत में रहते हैं।



#### कोई राशि स्वीकृत नहीं

इस संबंध में पीडब्ल्यूडी राजिम के एसडीओ मनीष साहू ने बताया कि सड़क के रखरखाव के लिए फिलहाल कोई राशि स्वीकृत नहीं है। उन्होंने स्वीकार किया कि लोगों को परेशानी हो रही है और आश्वासन दिया कि बारिश के बाद इस मार्ग का काम शुरू किया जाएगा। फिलहाल, गड्ढों में भरे पानी को निकालने का प्रयास किया जा रहा है।



## छुरा के ओमप्रकाश सेन का लाल किले में सम्मान

**छुरा।** राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत लाल किला, दिल्ली में 15 अगस्त को आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में छत्तीसगढ़ से एकमात्र स्पेशल गेस्ट के रूप में चुने गए ओमप्रकाश सेन को सम्मानित किया गया है। यह पूरे प्रदेश और उनके गाँव के लिए गौरव का विषय है। हाल ही में, छत्तीसगढ़ मंत्रालय भवन में प्रदेश के वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव (स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधि एवं विधायी विभाग) द्वारा ओमप्रकाश सेन को सम्मानित किया गया। मंत्री ने उनकी प्रतिभा की सराहना करते हुए भविष्य में हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। इस सम्मान समारोह में सर्व छत्तीसगढ़िया समाज के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु और ओमप्रकाश के चाचा अंगद सेन भी उपस्थित थे।

# सोरम स्कूल के छात्रों ने कला उत्सव में दिखाया जलवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव (कोरासी)

शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित जिला स्तरीय कला उत्सव में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोरम के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया है। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों की कलात्मक प्रतिभा को निखारना और भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देना है। प्राचार्य जनक राम साहू के मार्गदर्शन और व्याख्याता दानेश्वरी सिन्हा के कुशल नेतृत्व में सोरम के छात्रों ने इस वर्ष भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। श्रीमती सिन्हा की कोरियोग्राफी के दम पर छात्रों ने कई विधाओं में जीत हासिल की। नाटक में डड़सेना कलार समाज की इष्ट देवी माता बहादुर कलारिन के जीवन पर आधारित नाटक को प्रथम स्थान मिला। अब यह प्रस्तुति राज्य स्तरीय कला उत्सव में भी देखने को मिलेगी। तीर्थराज ग्रुप (नाटक) प्रथम स्थान। गीता सिन्हा ग्रुप (नृत्य) द्वितीय स्थान।



मोनिका साहू ग्रुप (गायन) द्वितीय स्थान। तीर्थराज ग्रुप (समूह वाचन) द्वितीय स्थान। चंद्रकला ग्रुप (कहानी वाचन) द्वितीय स्थान। दानेश्वरी सिन्हा के निर्देशन में स्कूल के छात्र पहले भी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी कला का प्रदर्शन कर चुके हैं, जिसमें शिमला का ओपन चैलेंज इंटरनेशनल फेस्टिवल और भोपाल का राष्ट्रीय कला उत्सव शामिल है, जिसका प्रसारण नेशनल चैनल पर भी हो चुका है। यह लगातार नौवीं बार है जब सोरम स्कूल के छात्र राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पहुंचे हैं। इस सफलता में विद्यालय परिवार के अन्य शिक्षकों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिनमें पूर्णिमा वारदे, अंजू लिखी, व्यंकटेश साहू, सारिका रजक, छाया श्रीवास्तव, मनोरमा खरिया, प्रभा साहू, गुलेश्वरी देवांगन, वंदना चंदेल, पूर्णिमा हिरको, सरिता शर्मा, शुभदा यादव, नलिनी मिश्रा, ध्रुव मैडम, सुनील सिन्हा, योगेश साहू, महेश्वरी साहू, प्रहलाद साहू, सरस्वती ध्रुव और सुप्रिया गजेन्द्र शामिल हैं।




# छात्राओं को मिली निशुल्क साइकिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

नवापारा-राजिम के परसदा हाई स्कूल में छात्राओं को सरकार की सरस्वती साइकिल योजना के तहत निःशुल्क साइकिलें प्रदान की गईं। सोमवार, 1 सितंबर को सरपंच रमेश वर्मा ने इन साइकिलों का वितरण किया, जिससे नौवीं कक्षा की छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। साइकिल वितरण समारोह में सरपंच रमेश वर्मा ने छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया। इस मौके पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष टीकू यादव, जनपद सदस्य चित्ररेखा तारक, राजेश साहू, तेजराम साहू, जगदीश साहू, प्राचार्य हरिशंकर साहू और व्याख्याता आरके साहू भी उपस्थित थे। शाला विकास समिति के अध्यक्ष टीकू यादव ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार का उद्देश्य बेटियों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाना है। इस योजना के तहत दी जा रही साइकिलों से दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाली छात्राओं को स्कूल पहुंचने में आसानी होगी और वे समय पर स्कूल पहुंच पाएंगी। सरपंच रमेश वर्मा ने छात्राओं को पढ़ाई पर ध्यान देने और स्कूल में स्वच्छता बनाए रखने की सलाह दी। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार बच्चों की पढ़ाई में किसी भी तरह की बाधा न आए, इसके लिए निःशुल्क साइकिल और पाठ्यपुस्तकें जैसी सुविधाएं उपलब्ध करा रही है।





## पहाड़ी टीले पर गणेश की आकृति

**मैनपुर।** मैनपुर के राजापड़ाव से शोभा जाने वाले रास्ते में एक पहाड़ी टीले के नीचे एक कलाकार ने अपनी मेहनत और कला से एक पत्थर पर भगवान गणेश की खूबसूरत आकृति उकेरी है। इन दिनों यह स्थान भक्तों के लिए आस्था का केंद्र बना हुआ है, जहां लोग श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना कर रहे हैं।

